पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले अमेरिका से आये डॉ0 फ्रैंक-एफ-इस्लाम

लखनऊ 6 फरवरी, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में भारतीय मूल के अमेरिकी निवासी डॉ0 फ्रैंक-एफ-इस्लाम ने शिष्टाचारिक भेंट की। डॉ0 फ्रैंक-एफ-इस्लाम उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जनपद के निवासी हैं जो अमेरिका में एफ0आई0 इन्वेस्टमेंट ग्रुप के प्रमुख हैं। इस अवसर पर डॉ0 अम्मार रिज़वी, श्री एस0 इस्लाम, श्रीमती एस0 इस्लाम, श्री अली रिज़वी, श्री अमीर अहमद, श्री मधुकर जेतली, डॉ0 सुलेमान रिज़वी, श्री अब्दुल्लाह तथा श्री तौकीर शेरवानी भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने भेंटवार्ता के दौरान बताया कि उत्तर प्रदेश परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। प्रदेश में हर क्षेत्र में विकास की गति बढ़ी है। शैक्षणिक सत्र 2017-2018 के लिये सम्पन्न हुये दीक्षान्त समारोह में कुल 12,78,985 विद्यार्थियों को विभिन्न पाठयक्रमों की उपाधियाँ वितरित की गई जिनमें से 7,14,764 अर्थात 56 प्रतिशत उपाधियाँ प्राप्त करने वालों में छात्राएं थी वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रदान किये जाने वाले कुल 1,741 पदकों से 1,143 अर्थात 66 प्रतिशत पदक छात्राओं के हक में गये हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

श्री नाईक ने कहा कि 2025 तक भारत विश्व का सबसे युवा देश होगा। उत्तर प्रदेश आबादी की दृष्टि से सबसे बड़ा प्रदेश है। इसलिये उत्तर प्रदेश में युवाओं का प्रतिनिधित्व ज्यादा होगा। उन्होंने कहा कि हमें लोगों की मानसिकता बदलनी है। युवाओं में ऐसी प्रवृत्ति जागृत करनी होगी जो रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बन सकें। युवा हमारे प्रदेश की पूंजी हैं इन्हें सही मार्ग दर्शन मिलेगा तो निश्चित रूप से वे देश एवं प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के डाक्टर, इंजीनियर और प्रौद्योगिकी से जुड़े लोग विदेश में देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

डॉ0 फ्रैंक-एफ-इस्लाम ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वे भारत के हैं और उनका डी0एन0ए0 भारतीय है। वे चाहते हैं कि भारत विश्व का अग्रणी देश बने। वे हर वर्ष भारत आते हैं और विश्वविद्यालय एवं अन्य शिक्षण संस्थानों को उनकी आश्यकतानुसार मदद करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने बताया कि जो कुछ उन्हें देश से मिला है वे समाज सेवा के माध्यम से अपने देश को लौटाने का प्रयास कर रहे हैं।

राज्यपाल ने डॉ0 फ्रैंक-एफ-इस्लाम को अपनी पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' की हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू की प्रतियाँ भेंट की। डॉ0 फ्रैंक-एफ-इस्लाम ने भी राज्यपाल को भेंट स्वरूप 'अमेरिकी संविधान' की प्रति तथा व्हाईट हाउस का प्रतीक चिन्ह दिया।

अंजुम/ललित/राजभवन (49/12)